कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1228/एस0एल0एस0ए0–5/2002 (पीएस) दिनांकित 11.04.2023 द्वारा जनपद इटावा में गठित स्थायी लोक अदालत के संचालन हेतु एक निश्चित मानदेय पर संविदा के आधार पर चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति हेतु जनपद न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त इच्छुक कर्मचारीगण के आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाते है। आवेदक की आयु 60 वर्ष से कम या 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

क्र0 सं0	पदनाम	पद की संख्या	वेतनमान/मानदेय
1	चतुर्थ श्रेणी	01	जनपद न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिए निर्धारित मानदेय मुवलिग रू0 7000/– (रू0 सात हजार मात्र) प्रतिमाह पर अनुबंधित कर कार्य कराया जाएगा।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में **दिनांक 28/02/2025 को अपरान्ह 05:00** बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा में व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इच्छुक आवेदक निर्धारित आवेदन पत्र की प्रति जनपद न्यायालय, इटावा की वेब–साइट (https://district.ecourts.gov.in/etawah) या माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट (http://www.allahabadhighcourt.in) अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा से प्राप्त कर सकते है।

दिनांक 28/02/2025 को अपरान्ह 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किए जाएगा।

दिनांक: 12/02/2025
संलग्नक: आवेदन का प्रारूप।

(श्वेता श्रीवास्तव–I)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

प्रतिलिपि:–
1– माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय इटावा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह कलेक्ट्रेट इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।
3– जिला सूचना अधिकारी, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन करवाने का कष्ट करें।
4– केन्द्रीय नाजिर जजी इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह जनपद न्यायालय इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।
5– सिस्टम ऑफिसर कम्प्यूटर अनुभाग इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह जनपद न्यायालय इटावा व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट एवं माननीय न्यायालय इटावा की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

दिनांक: 12/02/2025
संलग्नक: आवेदन का प्रारूप।

(श्वेता श्रीवास्तव–I)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।